an>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Madhubani district, Bihar.

श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर) : महोदय, बिहार राज्य के मधुबनी जिले की आबादी लगभग 50 लाख के आस-पास है। इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद यहां पर एक भी केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं की गयी है। साथ ही नेपाल-भारत का सीमावर्ती जिला होने के नाते यहां पर एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने की बहुत बड़ी आवश्यकता है। इस जिले के आस-पास सीतामढ़ी, सुपौल निकटवर्ती जिले होने के कारण यहां पर एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना होनी चाहिए। जिससे इन दोनों जिलों के छात्र-छात्राओं को बाहर न जाना पड़े।